मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-373
20/10/2019

मुख्यमंत्री ने कृषि जागरूकता महाभियान (रबी 2019–20) एवं बीज वाहन विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना, 20 अक्टूबर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद', के सामने बने मंच से कृषि जागरूकता महाभियान (रबी 2019–20) एवं बीज वाहन विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल से राज्य के सभी 38 जिलों के लिये 76 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।

कृषि जागरूकता महाभियान रथों को कृषि तकनीकी बुलेटिनों एवं वाद्य यंत्रों से सुसज्जित किया गया है। इन रथों को तिथिवार प्रखण्डों में आयोजित होने वाले प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण–सह–उपादान वितरण शिविर के प्रचार प्रसार हेतु ग्राम एवं ग्राम पंचायतों में घुमाया जायेगा ताकि रबी मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी आमलोगों तक पहुँच सके। इससे अधिक से अधिक किसान प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण–सह–उपादान वितरण कार्यक्रम में भाग लेकर लाभान्वित हो सकेंगे।

फसल पराली को न जलाने एवं फसल अवशेष प्रबंधन तथा कृषि विभाग के अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी देने के लिये पटना प्रमण्डल के 06 जिलों में एल0ई0डी0 युक्त विशेष रथों को घुमाया जायेगा, जिसमें एल0ई0डी0 के माध्यम से किसानों को वृत चित्र दिखाकर जागरूक किया जायेगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि–सह–पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार, कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 श्रवण कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, कृषि विभाग के निदेशक श्री आदेश तितरमारे, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित कृषि विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं सभी जिलों के परियोजना निदेशक, आत्मा उपस्थित थे।

******